# दयालु दया की कर दे नज़र भजन लिरिक्स

दयालु दया की कर दे नज़र,
भला या बुरा हूँ तुझे है खबर,
दयालु दया की कर दे नजर।bd।

---

ज्यादा नहीं पर थोड़ा ध्यान दीजिये,
दुखड़े हमारे पहचान लीजिये,
कब से खड़ा हूँ बाबा तेरे द्वार पर,
दयालु दया की कर दे नजर।bd।

---

रिश्तों की बीज मैंने बोई नहीं,
तेरे बिन श्याम मेरा कोई नहीं,
संसार से में आया प्रभु हार कर,
दयालु दया की कर दे नजर।bd।

---

सदा लेते आया है तू परीक्षा मेरी,
मगर पूरी की है हरदम इच्छा मेरी,
भरोसा बहुत है बाबा मुझे तुझ पर,
दयालु दया की कर दे नजर।bd।

---

इम्तिहान है ये मेरे विश्वास की,
अर्ज़ सुनो ना माधव इस दास की,
हँसेगी ये दुनिया बाबा मेरी हार पर,
दयालु दया की कर दे नजर।bd।

---

दयालु दया की कर दे नज़र,
भला या बुरा हूँ तुझे है खबर,
दयालु दया की कर दे नजर।bd।

**Singer – Vikash Kapoor**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com